ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

# नगर निगम, शाहजहॉपुर।

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक– 18.06.2021

- मा0 वित्त, संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग उ0प्र0 सरकार सुरेश कुमार खन्ना जी द्वारा आज दिनांक 18.06.2021 को ककरा काकर कुडं स्थित जैव विविधता पार्क का किया गया निरीक्षण।

- नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देश पर सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता के निर्देशन में बाजार बहादुरगंज में हटवाया गया अतिक्रमण।

- सहायक नगर आयुक्त श्री अंगद गुप्ता द्वारा आज दिनांक 18.06.2021 को नगर के मघईटोला स्थित गौशाला में सफाई व्यवस्था,शुद्व पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था तथा नंदियों हेतु चारे एवं भूसा की व्यवस्था का किया गया निरीक्षण।

- कोविड–19 महामारी के संक्रमण को रोकने के लिये नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा द्वारा आज दिनांक 18.06.2021 को नगर में बने कन्टेनमेंट जोन एवं नगर के अन्य क्षेत्रों में वृहद स्तर पर कराया गया सेनेटाइजेशन का कार्य।

- नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देश के क्रम में कोविड–19 एवं बरसात से पूर्व नगर क्षेत्र में युद्ध स्तर पर चल रहा है नालों एवं डीप ड्रेन की सफाई का कार्य।

1. मा0 मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना,वित्त,संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा_द्वारा आज दिनांक 18.06.2021 को ककरा काकर कुडं स्थित शहीदो की स्मृति में निर्मित जैव विविधता पार्क स्थलीय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जैव विविधता पार्क में नगर निगम के द्वारा लगाये गये विभिन्न प्रजातियो के पौधों की सुरक्षा एवं रख–रखाव हेतु उनकी यथोचित देखभाल किये जाने हेतु संबधित को निर्देशित किया गया। नगर निगम द्वारा जैव विविधता पार्क की देखरेख एवं उसके रख रखाव से मा0 मंत्री जी संतुष्ट हुये। निरीक्षण के समय अपर नगर आयुक्त श्री एस0के0सिंह मुख्य अभियंता सिविल श्री दिनेश चन्द्र सचान,अधिशासी अभियंता सिविल श्री मोद नरायण झा आदि उपस्थित रहे।

2. नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देश पर सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता द्वारा आज दिनांक 18.06.2021 को बाजार बहादुरगंज में जाम की समस्या को दृष्टिगत रखते हुये नगर निगम के प्रवर्तन दल की सहायता से मार्गो पर ठेले वालो/ दुकानदारो द्वारा किये गये अतिक्रमण हटवाया गया। जिससे नागरिको को आवागमन की सुलभ सुविधा प्राप्त होगी तथा जाम की समस्या का निराकरण हो जायेगा। इस मौके पर सहायक नगर अंगद गुप्ता के साथ,प्रवर्तन दल की टीम,अवर अभियन्ता श्री मनोज कुमार, क्षेत्रीय सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश दीक्षित आदि मौजूद रहे।

3. सहायक नगर आयुक्त श्री अंगद गुप्ता द्वारा आज दिनांक 18.06.2021 को नगर के मो0–मघईटोला स्थित कान्हा गौशाला में सफाई व्यवस्था, शुद्व पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था तथा पशुओ हेतु चारे एवं भूसा की व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय सहायक नगर आयुक्त महोदय द्वारा कान्हा गौशाला में विशेष रुप से सफाई व्यवस्था व शुद्व पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था तथा पशुओ हेतु हरे चारे एवं भूसा की व्यवस्था का जायजा लिया। इस मौके पर सहायक नगर आयुक्त महोदय द्वारा सफाई व्यवस्था को और अधिक दुरस्त रखने एवं पशुओ की देखभाल हेतु विशेष निर्देश दिये। इसके साथ ही सहायक नगर आयुक्त द्वारा वर्षा मौसम के दृष्टिगत पशुओ में होने वाली बीमारियों से सुरक्षा हेतु पशुचिकित्साधिकारी डा0 संगीता तिवारी को निर्देशित किया कि अपनी पूर्व तैयारी कर लें ताकि पशुओ को वर्षा मौसम में समस्या न आये। निरीक्षण के समय सहायक नगर आयुक्त के साथ विष्णु कान्हा गौशाला में कार्य करने वाले कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

4. कोविड–19 महामारी के संक्रमण को रोकने के लिये नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश के क्रम में कोविड–19 के बढ़ते संक्रमण को कम किये जाने के उददेश्य से नगर निगम द्वारा नगर में नियमित रुप से सेनेटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत नगर निगम के 60 वार्डो के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र एवं मलिन बस्तियों में विशेष सफाई एवं सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित गया है। जिसके अन्तर्गत आज दिनांक 18.06.2021 को जोन–1 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री पवन कुमार द्वारा कचहरी,कलेक्ट्रेट,विकास भवन,एमनजई जलालनगर,निसरजई,दिलाजाक में वृहद स्तर पर सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–2 के अर्न्तगत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित द्वारा बहादुरपुरा,जेल कालोनी,पोस्टमार्टम हाउस, मामूड़ी,ताजूखेल एवं आसपास के क्षेत्रों में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–3 के अर्न्तगत– सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री राजमंगल द्वारा कच्चा कटरा, हुण्डालखेल, खलीलगर्वी, खलीलशर्की, महमंद जंगला,अलीजई के आसपास के क्षेत्रों में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–04 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सिंह सागर द्वारा जिला अस्पताल,गॉधीपार्क, मोझधाम, रैन बसेरा, अब्दुल्लागंज, महमानशाह, एवं अन्य क्षेत्रो में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–5 के अर्न्तगत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य द्वारा ख्वाजा फिरोज,तारीन गाड़ीपुरा,गढ़ी गाड़ीपुरा,सरायकाईयॉ, सब्जी मण्डी,साउथ सिटी,खाटू श्याम मंदिर में सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित किया गया। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर नगर में बने धार्मिक स्थलो, मुख्य बाजारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक स्थलों आदि पर सेनेटाइजेंशन का कार्य किया गया। इस अभियान के दौरान लगभग 5810 स्थलों एवं 500 व्यवसायिक प्रतिष्ठानो, 05 मुख्य बाजारो जैसे– बहादुरगंज, सदर बाजार, जलालनगर बजरिया, गोविन्दगजं एवं रौजा अडडा आदि के साथ ही पेट्रोल पम्प, हास्पिटल, स्कूल, कालेज, रेलवे स्टेशन, रोडवेज, रैन बसेरा (हनमुतधाम, अजीजगंज, टाउन हाल) एवं आबादी वाले क्षेत्रों में सघन सेनेटाइजेशन कार्य कराया गया।

5. नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देशानुसार कोविड–19 के दृष्टिगत एवं बरसात से पूर्व नगर के विभिन्न क्षेत्रों में नालो की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर प्रतिदिन कराया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर आज दिनांक 18.06.2021 को सफाई जोन–1 में लोधीपुर दुर्गा मंदिर,हाथीथान में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री पवन कुमार, सफाई जोन–02 में जेल के सामने,रंगीन चौपाल के पास में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित एवं सफाई नायक श्री राजकुमार तथा सफाई जोन–3 सुनहरी मस्जिद तक बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री राजमंगल की देख रेख में कराया गया। सफाई जोन–4 में वाकरजई छाया कुआं में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सिंह सागर एवं सफाई नायक श्री रामबाबू की देख रेख में तथा सफाई जोन–5 के सरायकाईयॉ,रोशनगंज में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री सुनील कुमार शाक्य की देख रेख में कराया गया।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहॉपुर।